# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–18.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने की सीएसआर फंड पर राज्य सरकार के नियंत्रण की सिफारिश, मुख्य सचिव को लिखा पत्र।
2. राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में पूरे देश में जमशेदपुर को तीसरा स्थान मिलने पर लोगों में उत्साह, अपर नगर आयुक्त ने कहा– टीम भावना से मिली सफलता।
3. सावन माह के पहले सप्ताह में आठ लाख सत्तर हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा बैद्यनाथ पर किया जलार्पण, 50 लाख रुपये से ज्यादा आय की हुई प्राप्ति।
4. राज्य में वज्रपात से आठ लोगों की मौत, मौसम विभाग ने आज भी कई जिलों में बारिश और वज्रपात का जारी किया येलो अलर्ट।
5. बीसीसीआई की टीम ने हजारीबाग क्रिकेट ग्राउंड का किया निरीक्षण, इसी वर्ष से अंडर 19 और अंडर 23 के होंगे मैच।

*********************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सीएसआर फंड पर राज्य सरकार के नियंत्रण की सिफारिश की है। उन्होंने इस संबंध में राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिख कर पहल करने का सुझाव दिया है। वित्त मंत्री ने कहा है कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत महिला सशक्तीकरण, पर्यावरण की रक्षा, वृक्षारोपण, ग्रामीण विकास, जल संग्रहण, आपदा राहत, पुनर्वास तथा कला संस्कृति के संरक्षण के माध्यम से सामाजिक–आर्थिक क्षेत्र का विकास करना होता है। उन्होंने कहा है कि झारखंड के बैंकों द्वारा सीएसआर की राशि का व्यय नहीं किया जा रहा है।

*********************

राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में जमशेदपुर को तीसरा स्थान मिलने पर पूरे राज्य में उत्साह है। जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के अपर नगर आयुक्त कृष्णा कुमार ने पुरस्कार ग्रहण करने के बाद कहा कि टीम भावना से कार्य करने की वजह से यह सफलता मिली है। उन्होंने जमशेदपुर को साफ और सुंदर बनाये रखने में सबके सहयोग की अपील की।

जमशेदपुर की इस उपलब्धि से आम लोग भी बेहद खुश हैं। समाजसेवी मुरारी लाल अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छता को लेकर जो अभियान चला रहे हैं, उसे हम आगे लेकर जायेंगे।

*********************

हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा है कि लोगों के स्वास्थ्य को लेकर केन्द्र सरकार गंभीर है। इसके लिए कई तरह की योजनाएं चलायी जा रही हैं। वे चरही स्थित सीसीएल आफिसर्स क्लब में स्वास्थ्य मेला सह निःशुल्कर पोषण किट वितरण शिविर को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि बच्चों, गर्भवती और धात्री माताओं के खानपान, रहन–सहन और उचित देखभाल पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है।

*********************

झारखंड हाईकोर्ट ने जेएसएससी को सहायक आचार्य बहाली में पारा शिक्षकों के लिए 100 और गैर पारा शिक्षकों के लिए 14 सीट सुरक्षित रखने के निर्देश दिये हैं। सहायक आचार्य बहाली परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन फार्मूला के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करने हुए अदालत जेएसएससी को पांच अगस्त को विस्तृत जवाब दाखिल करने के भी निर्देश दिये।

*********************

श्रावणी मेले में 10 जुलाई से अब तक कुल आठ लाख 70 हजार 53 कांवड़ियों ने बाबा बैद्यनाथ को जलार्पण किया है। साथ ही शीघ्र दर्शनम् कूपन के माध्यम से 14 हजार 958 श्रद्धालुओं ने बाबा बैद्यनाथ को जलाभिषेक किया है। उपायुक्त नमन प्रियेस लकड़ा ने प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी। उपायुक्त ने बताया कि बाबा मंदिर में 11 से 15 जुलाई तक कुल आय 50 लाख 54 हजार 784 रूपये हुई। श्री लकड़ा ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए कई कदम उठाये गये हैं।

*********************

पाकूड़ जिले में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओ का लाभ दिलाने का काम जिला प्रशासन द्वारा शिविर लगाकर किया जा रहा है।

*********************

राज्य के विभिन्न जिलों में पिछले 24 घंटे के दौरान वज्रपात से आठ लोगों की मौत हो गयी। इस दौरान सिमडेगा और सरायकेला में दो–दो जबकि कोडरमा, हजारीबाग, खंटी और आदित्यपुर में एक–एक व्यक्ति की जान गयी है। इस बीच मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने आज भी राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की गयी है।

*********************

हजारीबाग क्रिकेट ग्राउंड में नवंबर–दिसंबर तक अंतरराज्यीय अंडर–19 और अंडर–23 के मैच होंगे। इस सिलसिले में बीसीसीआइ की टीम ने हजारीबाग क्रिकेट मैदान का निरीक्षण किया। हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ के सचिव राजेश तिवारी की मौजूदगी में टीम ने ग्राउंड, प्रैक्टिस पिच, साइट स्क्रीन और डगआउट, फ्लड लाइट, ड्रेसिंग रूम और पवेलियन के ऊपर ऑफिसर्स रूम का निरीक्षण किया। इसके अलावा खिलाड़ियों के ठहरने के लिए होटलों का मुआयना किया।

*********************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने स्वच्छता सर्वेक्षण में जमशेदपुर को देशभर में तीसरा स्थान और बुंडू को प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर का अवार्ड मिलने की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर लिखता है– राजभवन ने निर्वाचन आयोग से पूछा– श्वेता सिंह का मामला ऑफिस ऑफ प्रॉफिट का तो नहीं।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– हेमंत सरकार अब राज्य में लायेगी मंईयां बलवान योजना।

प्रभात खबर के शब्द हैं– मुख्य सचिव का आदेश नामकुम सीओ पर फेंका कांग्रेस विधायक ने।

दैनिक जागरण ने लिखा है– हजारीबाग के चिंतपूर्णी प्लांट में जोरदार धमाका।

*********************